:–विद्यालय की वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर जनसामान्य के लिए अपलोड किये जाने हेतु:–

## अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक लिपिक भर्ती हेतु अनिवार्य निर्देश

**(विद्यालय का पूरा नाम, ब्लॉक, तहसील, जनपद सहित अंकित करें)** में शासनादेश संख्या–2058/15–05–2021–1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ, दिनांक 25 नवम्बर, 2021 के अधीन सहायक लिपिक के रिक्त 01 पद पर चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर ही आवेदन–पत्र प्रेषित करना होगा। अभ्यर्थियों द्वारा अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से संस्था प्रबन्धक को दिनांक ...........2022 की सायं 05–00 बजे तक प्रेषित किया जायेगा। दिनांक ...........2022 की सायं 05–00 के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्भल के ई–मेल आई0डी0 diossambhal@gmail.com पर भी प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।

वेतनमान व अन्य भत्ते–5200–20200, ग्रेड पे–2000 व अन्य भत्ते शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अन्तर्गत देय होंगे।

आवेदन शुल्क:–श्रेणीवार आवेदन शुल्क निम्नवत् है:–

| क0 सं0 | श्रेणी | आवेदन शुल्क(रू0) |
|---|---|---|
| 01 | अनारक्षित(सामान्य)/अन्य पिछडा वर्ग | 750.00 |
| 02 | अनुसूचित जाति/जनजाति/ई0डब्ल्यू0एस0 | 500.00 |

(नोट:–आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर एवं एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सम्बन्धित संस्था के प्रबन्धक के पदनाम से संचालित खाते में जमा किया जायेगा)।

खाते का विवरण:

बैंक का नाम–

खाता संख्या–

IFSC कोड–

आवेदन हेतु पात्रता:– उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करयी गयी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिये आवेदन करने हेतु प्रात्र होंगे। (PET स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है।)

आरक्षण:– उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अन्तर्गत आरक्षण नियमानुसार देय होगा। किसी प्रकार के आरक्षण के दावे के लिए आवश्यक प्रमाण आवेदन के समय ही संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

आयु सीमा:–अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2022 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

नोट:– उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी, जितनी राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो। कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश सं0–22/21/1983–कार्मिक–2, दिनांक 28.11.1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाडियों को अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूवपूर्व सैनिक श्रेणी हेतु आरक्षित पदों के सापेक्ष आवेदन करने एवं आरक्षण का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को उत्तर प्रदेश लोक सेवा(शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993(यथासंशोधित) में विहित "भूतपूर्व सैनिकों की परिभाषा" के अन्तर्गत परिभाषित होना आवश्यक है और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन की अन्तिम तिथि तक सेना से कार्यमुक्त होना अनिवार्य है। समाज के दिव्यांगजनों को उ0प्र0 सरकार के अद्यतन नवीनतम विद्यमान कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश सं0–18/1/2008–का–2–2008, दिनांक 03.02.2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

चयन हेतु शैक्षिक अर्हता:–01–माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

02– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो।(कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–10/2016/3/1/2015–का–2, दिनांक 23 सितम्बर, 2016 के अनुसार)

अथवा

कम्प्यूटर संचालन का डोएक/निलिट द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र।

अथवा

कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री। (कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–10/2016/3/1/2015–का–2, दिनांक 23 सितम्बर, 2016 के अनुसार)

अथवा

कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी0जी0डी0सी0ए0, बी0सी0ए0, एम0सी0ए0 तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री(बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0टेक0, एम0एस0सी0, एम0बी0ए0) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित। (कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेशसंख्या–2/2018/3/1/2015–का–2, दिनांक 05 जुलाई, 2018 के अनुसार)

03–कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।

**अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेशः–**

एक के अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी, अनुमन्य होगी।

भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांगजन उ0प्र0 शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक रूप से विकलांग होने का दावा करते हैं, उन्हें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके द्वारा एतदर्थ आवेदन के साथ प्रस्तुत प्रमाण–पत्र कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–18/1/2008–का–2–2008, दिनांक 03.02.2008 में निर्धारित प्रारूप पर हो तथा प्रमाण–पत्र में अभ्यर्थी की विकलांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से उल्लिखित हों।

ऐसे पुरूष अभ्यर्थी जो विवाहित हैं तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नी है, पात्र नहीं माने जायेंगे।

आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि तक ही अभ्यर्थियों द्वारा धारित अर्हता स्वीकार की जायेगीं। आवेदन की अन्तिम तिथि के बाद ग्रहण की गयी योग्यता/अर्हता पात्रता हेतु मान्य नहीं होगी।

किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को जिनके प्रमाण–पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर प्रश्नगत चयन से प्रतिवारित (Debar) किया जा सकता है।

हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

संस्था प्रबन्धक
(हस्ताक्षर एवं मुहर सहित)

अपने पति की दीर्घायु की कामना की। स्थित शिव मंदिर विधि विधान से पूजा- मुस्कान, रेनू सहगल, मीनाक्षी, रूबी, ज्योति मल्होत्रा मौजूद रहीं। संवाद

# विज्ञप्ति-पद का नाम - सहायक लिपिक
# श्री उमेदराय भारतीय इण्टर कालिज हयातनगर (सम्भल)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेदराय भारतीय इण्टर कालिज हयातनगर, सम्भल में शासनादेश संख्या-2058/15-05-2021-1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ, दिनांक 25 नवम्बर 2021 दिनांक के अधीन सहायक लिपिक के रिक्त 01 अनारक्षित पद पर चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। अभ्यर्थियों द्वारा अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से संस्था प्रबन्धक को दिनांक 03.11.2022 की सांय 05-00 बजे तक प्रेषित किया जायेगा। दिनांक 03.11.2022 की सायं 05-00 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट- आवेदन का प्रारूप एवं अन्य निर्देश व विवरण विद्यालय की वेबसाइट http//subichayatnagarsambhal.com/ पर विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्भल के ई-मेल आई.डी. diossambhal@gmail.com पर भी प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।

**वेतनमान व अन्य भत्ते**- 5200-20200 ग्रेड पे- 2000 व अन्य भत्ते शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अन्तर्गत देय होंगे।

आयु सीमा- अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2022 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। उ0प्र0 शासन द्वारा विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित आयु सीमा में छूट नियमानुसार अनुमन्य होगी।

| आवेदन शुल्क | क्र.सं. 01 | श्रेणी-अनारक्षित (सामान्य) अन्य पिछड़ा वर्ग | आवेदन शुल्क-750.00 |
|---|---|---|---|
| | क्र.सं. 02 | श्रेणी-अनुसुचित जाति/ जनजाति/ई.डब्ल्यू.एस. | आवेदन शुल्क-500.00 |

(नोट : आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर एवं एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सम्बन्धित संस्था के प्रबन्धक के पदनाम से संचालित खाते में जमा किया जायेगा)।

**खाते का विवरण-बैंक का नाम**- जिला सहकारी बैंक लि0 मुरादाबाद शाखा हयातनगर, खाता संख्या 002710550001196 आई.एफ.एस.सी. कोड- ICIC00MORAD

**आवेदन हेतु पात्रता**- उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करायी गयी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) से 50 एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। (PET स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है)।

**आरक्षण**- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अन्तर्गत आरक्षण नियमानुसार देय होगा। किसी प्रकार के आरक्षण के दावे के लिए आवश्यक प्रमाण आवेदन के समय ही सलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

**चयन हेतु शैक्षिक अर्हता** - 01-माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

02- माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड / परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो। (कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-10/2016/3/1/2015-का-2 दिनांक 23 सितम्बर, 2016 के अनुसार)

अथवा

कम्प्यूटर संचालन का डोएक / निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

अथवा

कम्प्यूटर साइन्स मे डिप्लोमा / डिग्री (कार्मिक अनुभाग 2 के शासनादेश-10/2016/3/1/2015-का-2 दिनांक 23 सितम्बर 2016 के अनुसार)

अथवा

कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री पी.जी.डी.सी.ए. बी.सी.ए., एम.सी.ए. तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी.ए., बी.एस.सी. बी.टेक., एम.एस.सी. एम.बी.ए.) मे कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित (कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-2/2018/3/1/ 2015-का-2 दिनांक 05 जुलाई, 2018 के अनुसार)

03- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।

**विशेष नोट**- विद्यालय की वेबसाइट http//subichayatnagarsambhal.com/ पर इस चयन से सम्बन्धित दिये गये अन्य निर्देश भी इस चयन प्रक्रिया के लिए अनिवार्यतः लागू होंगे। आवेदक उनका अनुशीलन अवश्य कर लें।

संस्था प्रबन्धक

## अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक भर्ती हेतु ऑफलाइन आवेदन-पत्र

1. आवेदित संस्था का नाम- ....................
2. अभ्यर्थी का नाम- ....................
3. पिता/पति का नाम- ....................
4. माता का नाम- ....................
5. जन्म तिथि - □□ / □□ / □□□□
6. लिंग- महिला □ / पुरुष □
7. वर्ग-सामान्य □ / अन्य पिछड़ा वर्ग □ / अनुसुचित जाति □ /अनुसूचित जनजाति □ / दिव्यांग □
8. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-हां □ / नहीं □
9. क्या आप विवाहित है-हां □ / नहीं □
10. क्या आप उत्तर प्रदेश के निवासी है-हां □ / नहीं □
11. गृह जनपद का नाम- ....................
12. गृह राज्य का नाम- ....................
13. मोबाइल नं.- ....................
14. ई-मेल- ....................
15. शैक्षिक योग्यता-

| क्र.सं. | योग्यता | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |

16. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित PET परीक्षा का विवरण-
    पंजीकरण संख्या- .................... अनुक्रमांक- ....................
    वास्तविक स्कोर- .................... नार्मलाइज्ड स्कोर- .................... परसेन्टाइल स्कोर- ....................
17. कम्प्यूटर संचालन का डोएक/निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र का विवरण- ....................
18. कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द/मिनट है अथवा नहीं- ....................
19. स्थायी पता- ....................
20. अस्थायी पता/पत्र व्यवहार का पता- ....................
21. रु. 750 के पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राफ्ट का विवरण- ....................
22. घोषणा- 1. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापन के अनुसार सभी नियम व शर्तें पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/करती हूँ।
    2. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टियां/विवरण पूर्ण और सही है। यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

नोट- उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाये।

दिनांक :- ....................

....................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर